भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
An ISO 9001:2008 Certified Institute
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126

# शैक्षणिक वर्ष 2020–21 में संस्थान के कार्यक्रमों का विवरण

| क0सं0 | कार्यकलाप / कार्यक्रम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | दीपोत्सव | 13 नवम्बर 2020 |
| 2 | अधिष्ठापन कार्यक्रम | 05 दिसम्बर 2020 |
| 3 | खो–खो प्रतियोगिता | 16 दिसम्बर 2020 |
| 4 | मृदा परीक्षण | 17 दिसम्बर 2020 |
| 5 | नई कृषि तकनीक से छात्रों का प्रोत्साहन | 21 दिसम्बर 2020 |
| 6 | स्वतंत्र भारत की राष्ट्रीय ग्रामीण जागरूकता कार्यक्रम | 07 जनवरी 2021 |
| 7 | राष्ट्रीय युवा दिवस | 12 जनवरी 2021 |
| 8 | राष्ट्रीय मतदाता दिवस | 25 जनवरी 2021 |
| 9 | गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी 2021 |
| 10 | कृत्रिम गर्भाधान पशुपालन भ्रमण | 05 फरवरी 2021 |
| 11 | कृषि संकाय से सम्बंधित छात्रों द्वारा सामूहिक चर्चा | 11 फरवरी 2021 |
| 12 | कैरियर परामर्श | 12 फरवरी 2021 |
| 13 | बसन्त पंचमी | 15 फरवरी 2021 |
| 14 | माक साक्षात्कार | 22 फरवरी 2021 |
| 15 | अर्न्तमहाविद्यालय वार्षिक खेल सामारोह | 23 फरवरी 2021 |
| 16 | कैरम बोर्ड प्रतियोगिता | 24 फरवरी 2021 |
| 17 | कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण | 25 फरवरी 2021 |
| 18 | तम्बाकू निषेध जागरूता कार्यक्रम | 26 फरवरी 2021 |
| 19 | मिशन शक्ति | 01 मार्च 2021 |
| 20 | प्रसूति केन्द्र भ्रमण | 04 मार्च 2021 |
| 21 | पेन्टिंग प्रदर्शनी | 08 मार्च 2021 |
| 22 | प्रत्यक्ष संवाद कार्यक्रम | 16 मार्च 2021 |
| 23 | होली उत्सव | 26 मार्च 2021 |
| 24 | नैक जागरूकता कार्यक्रम | 09 अप्रैल 2021 |
| 25 | टीका उत्सव कार्यक्रम | 14 अप्रैल 2021 |
| 26 | वृक्षारोपण कार्यक्रम | 05 जून 2021 |
| 27 | योग दिवस | 21 जून 2021 |

# दीपोत्सव

भगवान राम की नगरी अयोध्या में भव्य दीपोत्सव मनाया गया तथा इस दीपोत्सव को भव्य तथा वैश्विक उत्सव बनाने में भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, सीवार सोहावल, अयोध्या से राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले प्रज्ञा वर्मा, प्रीति गौतम, रागिनी गुप्ता, शिवम सिंह, राजेश, मुमताज आलम, सूरज कौशल, सचिन कसौधन, उत्कर्ष मिश्रा, ज्योति वर्मा, अर्सिया सुल्तान, नसरा बानो आदि बच्चों ने भाग लिया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी एवं सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा, प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव एवं भवदीय ग्रुप के समस्त प्राध्यापकगण मौजूद रहे।







# अधिष्ठापन कार्यक्रम

कृषि संकाय व गृह विज्ञान संकाय में दिनांक 05.12.2020 को नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिये ओरिएंटेशन प्रोग्राम (उन्मुखीकरण कार्यक्रम) का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव व प्रशासन प्रबन्धन श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव जी शामिल हुए। कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन के बाद छात्रों ने अपना परिचय दिया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर के चुनाव के लिये प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करायी गयी जिसमें मिस्टर फ्रेशर कान्हा कुमार और मिस फ्रेशर प्रज्जवला सिंह चयनित हुई। कार्यक्रम में प्राचार्य, विभागाध्यक्ष और सभी प्राध्यापकगण मौजूद रहे।







# खो–खो प्रतियोगिता

भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स के विभिन्न संस्थानों में खो–खो (पुरूष वर्ग) प्रतियोगिता का प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा (सचिव) बी0जी0आई0 तथा भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ. रजनीश श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती के चित्र पर मार्ल्यापण व दीप प्रज्ज्वलन करके किया। शिक्षण–प्रशिक्षण संकाय की प्रशिक्षुओं सोनाली, अनीता, आंकाक्षा और गीता ने स्वागत गीत गाकर अतिथिओं का स्वागत किया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं भवदीय ग्रुप के क्रीडा प्रभारी डॉ. दयाशंकर वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा ने खेल की अधिकारिक घोषणा की। प्रतियोगिता का पहला मैच भवदीय इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल्स साइंसेज एण्ड रिसर्च और भवदीय एजुकेशनल इंस्टीटयूट के बीच खेला गया, जिसमें भवदीय एजूकेशनल 12–14 से विजेता रही। प्रतियोगिता का फाइनल भवदीय इंस्टीटयूट ऑफ बिजनेस मेनेजमेंट और भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के बीच खेला गया, जिसमें भवदीय इंस्टीटयूट ऑफ बिजनेस मेनेजमेंट की टीम 07–11 के स्कोर से विजयी हुई।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि खेल हमारे दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा है, इसीलिए हम लोगो को खेलों को अपनी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिये। भवदीय एजूकेशनल इस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण देते हुये अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुये कहा कि हम सौभाग्यशाली है इसके पूर्व मुख्य अतिथि को भवदीय ग्रुप के क्रीडा प्रभारी डॉ. दयाशंकर वर्मा ने कैप पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता की विजेता को भवदीय ग्रुप के निदेशक ने शील्ड देकर तथा खिलाडियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। भवदीय एजूकेशनल टीम के मैनेजर अजय राय को उपविजेता ट्राफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में सरबरेआलम, अरविन्द यादव, अमित मिश्रा, कुलदीप सिंह, नवीन कुमार, प्रदीप पाल, शिवेन्द्र सिंह आदि रहें।

इस अवसर पर भवदीय इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेंजमेन्ट के सहायक निदेशक डॉ. शिशिर पाण्डेय, भवदीय इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल सांइसेज एण्ड़ रिसर्च के डायरेक्टर डॉ. संजय कुशवाहा, प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी रामनायक वर्मा, डॉ. पंकज यादव, सुनीता वर्मा डॉ. अरूण कुमार, हिमॉश कुमार, अरूण मौर्य, शिवप्रसाद वर्मा, कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल ने किया।

# मृदा परीक्षण

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीटयूट, सीवार, सोहावल, अयोध्या के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव के सहमति पर डॉ0 सौरभ वर्मा, सहायक निदेशक मृदा परीक्षण अयोध्या मण्डल (कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश) के द्वारा किसान संगोष्ठी हेतु कृषि विभाग के प्राध्यापक श्री धर्मवीर को मृदा वैज्ञानिक रूप में चयनित किया गया है, जिसमें किसानों और कृषि के छात्र/छात्राओं को भी मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मृदा नमूना कैसे खेत से लें और मृदा की उर्वरता को कैसे बढ़ायें एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर मृदा में कितना खाद एवं उर्वरकों की सही मात्रा का प्रयोग तथा मृदा सुधारक के सन्दर्भ में भी जानकारी प्रदान की गई अधिक से अधिक उत्पादन कैसे बढ़ाए आदि इस सभी के बारे में विस्तृत जानकारी के बारे में किसानों को अवगत कराया।



भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126
An ISO 9001:2008 Certified Institute

# छात्रों को नई कृषि तकनीक से अवगत कराना एवं प्रोत्साहित करना

भवदीय एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के कृषि संकाय के छात्र–छात्राओं को महाविद्यालय के कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष सह–पशुपालन और दुग्ध विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. सुजीत कुमार यादव, मृदा विज्ञान के प्राध्यापक श्री धर्मवीर, आनुवंशिकी और पौध प्रजनन के प्राध्यापक श्री गोविन्द मिश्रा और कृषि अभियांत्रिकी की प्राध्यापिका सुश्री ज्योति रानी के नेतृत्व में कृषि छात्रों को प्रदेश के "आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय" के प्रसार शिक्षा के निर्देशक डॉ. अनिल प्रताप राव द्वारा आयोजित 'किसान मेला' का शैक्षणिक तौर पर परिभ्रमण कराया गया। जिसमें कृषि के विभिन्न क्षेत्रो में उपयोग में लाए जा रहे विभिन्न प्रकार के तकनीक के बारे में विस्तारपूर्वक दर्शाया गया। जिसमें कृषि अभियंत्रिकी, एकीकृत कृषि प्रणाली, पशुपालन, मृदा जांच, मुर्गी पालन आदि के विषय में विस्तृत चर्चा की गयी।



# स्वतंत्र भारत की राष्ट्रीय ग्रामीण जागरूकता कार्यक्रम

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीटयूट, सीवार, सोहावल, अयोध्या में कृषि संकाय के सभी छात्र/छात्राओं को कृषि प्रसार शिक्षा विषय से सम्बन्धित स्वतंत्र भारत में ग्रामीण विकास के लिये चलाए गये विभिन्न तरह के प्रोग्राम के बारे में कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. सुजीत कुमार यादव ने विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य, डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने ग्रामीण अंचल के लोगों को शिक्षा उपलब्ध कराना, रोजगार दिलाना, शिक्षित करना आय के स्त्रोत विकसित करना व उनको आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं समस्त छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस

स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट में बडे ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 राजनीश कुमार श्रीवास्तव जी ने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया एवं स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन से सभी छात्र–छात्राओं को प्रेरणा लेनी चाहिए और जीवन का एक लक्ष्य अवश्य होना चाहिए। बिना लक्ष्य के जीवन का कोई अर्थ नहीं होता और शिक्षा का सही अर्थ राष्ट्र प्रेम की भावना का विकास करना है। इस मौके पर संस्थान के सभी प्राध्यापकगण एवं सभी छात्र/छात्रायें मौजूद थे।



An ISO 9001:2008 Certified Institute

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट

BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE

(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)

Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है इस लिये हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनाता है। इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में मतदाता जागरूकता हेतु संस्था के छात्र/छात्राओं को इसके महत्व से उन्हे अवगत कराते हुए शपथ दिलाया गया।

इस समारोह में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं छात्र/छात्रायें मौजूद रहे।





# गणतंत्र दिवस

भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी बडे ही उत्साह के साथ मनाया गया। भवदीय इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मा0सा0ए0 रिसर्च के निदेशक डॉ0 संजय कुशवाहा ने ध्वाजा रोहण किया इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 राजनीश कुमार श्रीवास्तव एवं संस्थान के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं अन्य कर्मचारीगण तथा छात्र/छात्राएँ मौजूद रहे जिसमें कोविड–19 नियमों का पूरा पालन भी किया गया।



# कृत्रिम गर्भाधान पशुपालन भ्रमण

भवदीय एजुकेशनल इंस्टीटयूट के कृषि संकाय के छात्र/छात्राओं को कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष एवं पशुपालन प्राध्यापक डॉ0 सुजीत कुमार यादव एवं प्राध्यापक श्री अमित मिश्रा के नेतृत्व में कृषि छात्रों को वेटनरी हास्पिटल, सोहावल (अयोध्या) डिप्टी सी0एम0ओ0 डॉ0 ए0के0 वर्मा एवं सहायक डॉ0 राज बहादुर को अनुमति के द्वारा वेटनरी हास्पिटल शैक्षणिक एवं प्रैक्टिकल के तौर पर परिभ्रमण कराया गया जिससे छात्रों ने पशुओं में प्रबन्धन, रोग रोकथाम प्रजनन, कृतिम गर्भाधान, नस्ल सर्जरी इत्यादि की जानकारी प्राप्त किये। छात्र/छात्राओं को विषयवार प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु डॉ0 राज बहादुर जी ने सभी छात्र/छात्राओं को कृत्रिम गर्भाधान के लाभ एवं हानि, महत्व आदि के बारे में बताया। साथ ही साथ पशुओं में जैसे गाय, भैंस, बकरी के थनों में थनैला रोग के बारे में उनके लक्षण रोकथाम के उपाय बताया। खुरपका एवं मुंहपका रोग के लक्षण, रोकथाम एवं प्रत्येक वर्ष में दो बार टीकाकरण के बारे में बताया। इसी अनुक्रम में गलाघोटू, रेबीज, ऐन्थ्राम्स, दुग्धज्वार इत्यादि के बारे में भी छात्र/छात्राओं को अवगत कराया। इसी अनुक्रम में पशुपालन के प्रवक्ता डॉ0 सुजीत कुमार यादव ने पशुपालन एवं उनके प्रबन्धन के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया। इस शैक्षणिक प्रयोगात्मक भ्रमण के दौरान वेटनरी हास्पिटल पर संस्थान के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने नेतृत्व करते हुए एवं इसके महत्व तथा भविष्य में अवसर के बार में बताते हुए सभी को धन्यवाद दिया।





BHAVDIYA
"ARISE WITH VIRTUES"
An ISO 9001:2008 Certified Institute

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126

# कृषि संकाय से सम्बंधित छात्रों को सामूहिक चर्चा द्वारा नये कृषक विधेयक से अवगत कराना

भवदीय एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, सीवार, सोहावल, अयोध्या में दिनांक 11.02.2021 को कृषि विज्ञान संकाय में प्रथम वर्ष व तृतीय वर्ष की छात्र/छात्राओं को किसान कानून के बारे में वाद–विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यालय परिसर के सेमिनार हाल में कोविड–19 नियमों का पूर्ण रूपेण पालन करते हुए वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 संजय कुशवाहा, डॉ0 शिशिर पाण्डेय, प्रशासनिक प्रबन्धक श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो0 गोविन्द मिश्रा के द्वारा कुशल संचालन एवं सम्पूर्ण कृषि संकाय सदस्यों के द्वारा सकुशलता पूर्वक सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम की अवधि प्रातःकाल 10:20 से अपरान्ह 03:00 बजे तक रहा। जिसमें मुख्यतः भागीदारी बी0एस0–सी0 (कृषि) तृतीय वर्ष, (वक्ता) पक्ष पर बी0एस0–सी0 (कृषि) चतुर्थ वर्ष एवं कृषि प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी वृन्द श्रोता पक्ष के रूप में उपस्थित रहे।



# कैरियर परामर्श

छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु कैरियर का विशेष महत्व है। जिन्दगी में सफल होने का एक ही रास्ता है सही समय पर सही चुनाव करना परन्तु प्रायः देखा गया है कि छात्र/छात्रायें इस बात को लेकर सबसे ज्यादा परेशान रहते हैं कि हम किस क्षेत्र का चुनाव करें और किसका नहीं।

कैरियर के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट में कैरियर काउन्सलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ0 शिशिर पाण्डेय, प्रभारी ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट (प्रशिक्षण एवं प्लेशमेंट सेल) ने छात्र–छात्राओं को उनके रूचि एवं योग्यता के अनुसार मार्ग दर्शन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ0 राजनीश कुमार श्रीवास्तव, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।



# बसन्त पंचमी

बसंत पंचमी एक हिन्दू त्यौहार है। इस दिन विद्या की देवी मॉ सरस्वती की पूजा की जाती है। भवदीय एजुकेशनल इंस्टीटयूशट में भी बसंत पंचमी के पूर्व संध्या पर छात्रों द्वारा बड़े ही उत्साह के साथ शिक्षा की देवी मॉ सरस्वती का जन्म दिवस मनाया गया और छात्र–छात्राओं ने भक्ति–भाव से मॉ की आराधना की। संस्थान के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने मॉ सरस्वती के चित्र पर मार्ल्यापण कर व दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं समस्त छात्र/छात्रायें मौजूद थे।



# मॉक साक्षात्कार

साक्षात्कार के दौरान परीक्षक को प्रभावित करना आसान नहीं होता है। यह ज्ञात नहीं होता है कि कब, क्या–सवाल पूछा जा सकता है, ऐसे में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उपयुक्त अभ्यास, वास्तविक साक्षात्कार का सामना करने से पहले मॉक साक्षात्कार का अभ्यास कर लिया जाए। अतएव उपर्युक्त बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए भवदीय एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में कृषि विभाग के अन्तिम वर्ष के छात्र/छात्रों का मॉक इंटरव्यू किया गया और इंटरव्यू के दौरान उन्हें साक्षात्कार के महत्व को बताया गया तथा साक्षात्कार के दौरान पूछे जाने वाले महत्वपूर्ण प्रशनों के उत्तर की तैयारी करायी गयी।

मॉक साक्षात्कार के दौरान डॉ0 शिशिर पाण्डेय, प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव, श्री सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 सुजीत कमार यादव, डॉ0 पंकज कुमार यादव मौजूद थे।



# अर्न्तमहाविद्यालय वार्षिक खेल समारोह

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट सीवार, सोहावल–अयोध्या के विभिन्न संस्थानों का संयुक्त रूप से वार्षिक खेल समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव (प्राचार्य भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट) ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया, डी0एल0एड्0 प्रशिक्षु उपदेश तिवारी ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् मंचासीन अतिथिगणों को बैच लगाकर तथा क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 दयाशंकर वर्मा ने मुख्य अतिथि को कैप पहनाकर उनका स्वागत किया।

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के इस दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में खो–खो, कबड्डी, वॉलीबाल, चक्का फेंक, गोला फेंक, क्रिकेट, म्यूजिकल चेयर,दौड़ (100 मी0, 200 मी0, 400मी0, एवं 800मी0) रस्साकस्सी, बैडमिन्टन, चेस, कैरम सहित कई प्रतिस्पर्धाएं खेली जानी है। मुख्य अतिथि डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने गुब्बारा उड़ाकर खेल की अधिकाारिक धोषणा की तथा प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल शिक्षण का अभिन्न अंग है, खेलों के माध्यम से छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है तथा उनमें नेतृत्व भावना भी विकसित होती है। उन्होने प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के साथ खेलने की नसीहत देते हुए हार–जीत को खेल का प्रमुख अंग बताया।

प्रतियोगिता के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में 100मी0 की दौड़ हुई जिसमें पुरूष वर्ग में अमन वर्मा (व्हाइट हाउस) को प्रथम स्थान तथा विशाल (रेड हाउस) द्वितीय स्थान पाकर विजेता बनें, इसी तरह महिला वर्ग में काजल वर्मा (रेड हाउस) को प्रथम एवं शिवानी मौर्या (रेड हाउस) को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।



कबड्डी में पुरूष वर्ग का पहला मैच ब्लू हाउस तथा व्हाइट हाउस के बीच खेला गया जिसमें 01 स्कोर से ब्लू हाउस विजेता रही, खो–खो (पुरूष वर्ग) का मैच रेड हाउस और ग्रीन हाउस के बीच खेला गया जिसमें ग्रीन हाउस की टीम विजयी रही। क्रिकेट का पहला मैच रेड हाउस और ग्रीन हाउस के बीच में खेला गया, टॉस जीतकर ग्रीन हाउस के कप्तान ने गेंदबाजी करने का फैसला किया और शानदार प्रदर्शन करते हुऐ ग्रीन हाउस की टीम विजयी रही।

इसके पूर्व मुख्य अतिथि डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव को खेल संरक्षक डॉ0 शिशिर पाण्डेय ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया, कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल ने किया। निर्णायक मण्डल में, डॉ0 शिशिर पाण्डेय, श्री सुमित कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, अजय राय, असित कुमार, शिवेन्द्र सिंह, शामिल रहें।

इस दौरान प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही चारों टीम के मैनेजर, भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्रबन्ध निदेशक मिश्रीलाल वर्मा, चेयरमैन इं0 पी0एन0वर्मा, सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा, प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत यादव, डॉ0 पंकज यादव, अरूण मौर्य, अनूप सिंह, शिवप्रसाद वर्मा, हिमाँशु कुमार, जगदीश प्रसाद, उत्तम पटेल सहित भवदीय ग्रुप के समस्त संस्थानों के प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहें।



# कैरम–बोर्ड प्रतियोगिता

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट सीवार, सोहावल–अयोध्या में बालक एवं बालिका वर्ग कैरम–बोर्ड प्रतियोगिता रंगारंग कार्यक्रमों के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव (प्राचार्य भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट) ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया, बी0एड0 प्रशिक्षु संध्या ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् मंचासीन अतिथिगणों को बैच लगाकर तथा क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 दयाशंकर वर्मा ने मुख्य अतिथि को कैप पहनाकर उनका स्वागत किया।

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट बालक एवं बालिका वर्ग कैरम–बोर्ड प्रतियोगिता खेला जाना है। डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने गुब्बारा उड़ाकर खेल की अधिकाारिक धोषणा की तथा प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल शिक्षण का अभिन्न अंग है, खेलों के माध्यम से छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है तथा उनमें नेतृत्व भावना भी विकसित होती है। उन्होने प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के साथ खेलने की नसीहत देते हुए हार–जीत को खेल का प्रमुख अंग बताया। प्रतियोगिता में (व्हाइट हाउस) को प्रथम स्थान तथा (रेड हाउस) द्वितीय स्थान पाकर विजेता बनें, इसी तरह महिला वर्ग में (रेड हाउस) को प्रथम एवं (रेड हाउस) को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

इसके पूर्व डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव को खेल संरक्षक डॉ0 शिशिर पाण्डेय ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया, कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल ने किया। निर्णायक मण्डल में, डॉ0 शिशिर पाण्डेय, अजय राय, अमित मिश्र, असित कुमार, शिवेन्द्र सिंह, शामिल रहें।

इस दौरान प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही चारों टीम के मैनेजर, भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्रबन्ध निदेशक मिश्रीलाल वर्मा, चेयरमैन इं0 पी0एन0वर्मा, सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा, प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत यादव, डॉ0 पंकज यादव, इं0 सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, अरूण मौर्य, अनूप सिंह, शिवप्रसाद वर्मा, हिमाँशु कुमार, जगदीश प्रसाद, उत्तम पटेल सहित भवदीय ग्रुप के समस्त संस्थानों के प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहें।

# कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण

भवदीय एजुकेशनल इंस्टीटयूट, सीवार, सोहावल, अयोध्या के कृषि संकाय के सभी छात्र/छात्राओं को सहायक निदेशक मृदा परीक्षण/कल्चर अयोध्या मण्डल अयोध्या सहायक निदेशक, डॉ0 सौरभ वर्मा के आज्ञानुसार परिभ्रमण कराया गया। जिसमें सभी छात्र/छात्राओं को मृदा विज्ञान के सहायक प्राध्यापक श्री धर्मवीर व अन्य विशिष्ट वैज्ञानिक विभिन्न–विभिन्न मिट्टी परीक्षण के बारे में बताया–जैसे मिट्टी का नमूना लेना और मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्व नाइट्रोजन, फॉस्फोरस कार्बनिक प्रदार्थ और पोटाश इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दिया और साथ ही कृषक अपनी आय में वृद्धि कैसे करें। कार्बनिक खेती के विषय में एवं उसके लाभ के बारे में बताते हुए अवगत कराया कि कार्बनिक खेती से कैसे फसल की पैदावार, लंबे समय तक उर्वरता एवं इस प्रक्रिया का बढ़ावा के बारे में अवगत कराया जिससे लम्बे समय तक उर्वरता बनी रहे।



# तम्बाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम

भवदीय ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फैजाबाद के संयुक्त तत्वाधान में तम्बाकू निषेध जागरूकता सम्बन्धी विषयक पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ वीणावादिनी माँ सरस्वती के चित्र पर पर मुख्य अतिथि श्री अभिनव तिवारी (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फैजाबाद) एवं विशिष्ट अतिथियों तथा भवदीय ग्रुप के सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करके हुआ। डीएलएड् संकाय की प्रशिक्षुओं सोनाली, स्मृति एवं दीप्ति ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री अभिनव तिवारी (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फैजाबाद) ने कहा कि पिछले कुछ सालों में भारत के साथ ही पूरे विश्व भर में धूम्रपान करने और उससे पीड़ित लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इस गम्भीर लत ने कई लोगों को मौत का ग्रास तक बना दिया। इसके गम्भीर परिणामों को देखते हुए धूम्रपान के नुकसान के प्रति जागरूक करने के लिए हम सभी गम्भीर हैं।

उन्होंने युवाओं का आवाह्न करते हुए कहा कि आप ही देश के कर्णधार हैं, आप के कन्धों पर देश का भविष्य हैं, इसलिए आप ऐसे दुर्व्यसनों से दूर रहें।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री राज दीप सिंह (माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट, फैजाबाद) ने छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा भले ही शान और लत के लिए किया जाता हो पर यह जिन्दगी में बेवक्त आने वाली मुसीबतों का कारण बनती है, इसलिए हमें ऐसे बुराईयों से कोसों दूर रहना चाहिए।



अपने सम्बोधन में विशिष्ट अतिथि श्री अविनाश चन्द्र गौतम (माननीय प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड फैजाबाद) ने कहा कि प्रति वर्ष तम्बाकू सेवन से हजारों लोगों की मौत हो जाती है इसलिए हमें अपना, अपने परिवार और समाज के हितों को दृष्टिगत रखते हुए ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए।

इसके पूर्व भवदीय ग्रुप के सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और संस्थान का परिचय दिया।

भवदीय ग्रुप के विभिन्न संस्थानों के सैंकड़ों छात्र–छात्राओं ने मुख्य अतिथि श्री अभिनव तिवारी (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फैजाबाद) को एन.एच.–28 से बेगमगंज सम्पर्क मार्ग पर स्थित देशी शराब की दुकान खुल जाने के कारण इससे होने वाली असुविधाओं से उन्हें अवगत कराया और उसे अन्यत्र जगह स्थापित करने का अनुरोध भी किया।

कार्यक्रम में भवदीय ग्रुप के प्रबन्ध निदेशक मिश्रीलाल वर्मा, चेयरमैन इं0 पी0 एन0 वर्मा, भवदीय इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिक्ल साइंसेज एण्ड रिसर्च के डायरेक्टर डॉ0 संजय कुशवाहा, भवदीय इन्स्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेण्ट के सहायक निदेशक डॉ0 शिशिर पाण्डेय, प्रशासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी कै0 आर0 एन0 वर्मा, डॉ0 पंकज यादव, श्री सुमित कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्या, डॉ0 दयाशंकर वर्मा, सुनीता वर्मा, अनुपम पाण्डेय, शिव प्रसाद, अरूण मौर्य, कृष्णा दुबे सहित समस्त संस्थानों के छात्र–छात्राएं एवं प्राध्यापक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन अशोक द्विवेदी, एडवोकेट व मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन भवदीय एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने दिया।






भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126
An ISO 9001:2008 Certified Institute

# मिशन शक्ति

भवदीय ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री श्रुति गुप्ता, पी0पी0एस0 अधिकारी, उत्तर प्रदेश पुलिस थीं। कार्यक्रम का प्रारम्भ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। डीएलएड् संकाय की प्रशिक्षुओं ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुश्री श्रुति गुप्ता (पी0पी0एस0 अधिकारी, उत्तर प्रदेश पुलिस) ने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम का प्रारम्भ माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पिछले वर्ष अक्टूबर माह में किया था इसका उद्देश्य है–नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वालवंबन। छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वैसे हमारे वेदों, पुराणों और उपनिषदों में नारी को शक्ति के रूप में पूजा गया है परन्तु प्रत्येक समाज में थोड़ी बहुत बुराईयाँ आ जाती हैं इसलिए इनको दूर करने के लिए नियम कायदों का सहारा लिया जाता है।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइनें जैसे– 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए इनकी उपयोगिताओं पर प्रकाश डाला और कहा कि इन हेल्पलाइनों पर शिकायतकर्ता की व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखी जाती है इसलिए यदि किसी छात्रा को किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो वह बेझिझक शिकायत दर्ज करवा सकती हैं। साइबर क्राइम और सोशल मीडिया से होने वाली समस्याओं से छात्र–छात्राओं से साझा करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक तरीके से क्राइम को किया जा रहा है, जैसे– साइबर बुलिंग, साइबर स्टॉकिंग, विडियो मार्फिंग आदि। आई0टी0 एक्ट 66बी, सी, डी, ई, का जिक्र करते हुए कहा कि इन एक्ट के द्वारा साइबर अपराध पर काबू पाने का प्रयास किया जाता है।





BHAVDIYA
"ARISE WITH VIRTUES"
An ISO 9001:2008
Certified Institute

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भवदीय इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिक्ल साइंसेज एण्ड रिसर्च के डायरेक्टर डॉ0 संजय कुशवाहा ने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम से महिलाओं को अपने अधिकारों को जानने में ओर सुविधा प्राप्त हुए, इससे महिला अपराधों पर अंकुश लगाने में सफलता मिली है।

कार्यक्रम में अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण देते हुए भवदीय एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि सुश्री श्रुति गुप्ता के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से छात्र–छात्राओं में उत्साह का संचार हुआ है तथा साइबर अपराधों से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी हुयी है। मुख्य अतिथि ने संस्थान में वृक्षारोपण भी किया।

इसके पूर्व भवदीय ग्रुप के प्रशासनिक प्रबन्धक अतुल श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में भवदीय ग्रुप के प्रबन्ध निदेशक मिश्रीलाल वर्मा, चेयरमैन इं0 पी0 एन0 वर्मा, सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा, प्रशासनिक अधिकारी कै0 आर0 एन0 वर्मा, डॉ0 पंकज यादव, श्री सुमित कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, डॉ0 ज्ञानचन्द्र मौर्या, डॉ0 दयाशंकर वर्मा, सुनीता वर्मा, प्रेम प्रसाद कुशवाहा, शिव प्रसाद वर्मा, अमित मिश्र, कृष्णा दुबे सहित समस्त संस्थानों के छात्र–छात्राएं एवं प्राध्यापक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन भवदीय इन्स्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेण्ट के सहायक निदेश शिशिर पाण्डेय ने दिया।





भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126
An ISO 9001:2008 Certified Institute

# प्रसूति केन्द्र भ्रमण

गृह विज्ञान संकाय के द्वितीय वर्ष की छात्राओं को उनके प्रयोगात्मक विषय से सम्बन्धित भ्रमण के लिये प्रसूति केन्द्र श्री राम सेवक अस्पताल, अरकुना, अयोध्या ले जाया गया। जहॉ समस्त छात्राओं को गर्भाधान, वंशानुक्रम का प्रभाव, वातावरण, नवजात शिशु की देखभाल, पोषण देना, मल–मूत्र नियन्त्रण की शिक्षा, प्रति रक्षा, प्रति रक्षीकरण (टीकाकरण) इत्यादि रोगों के बारे में जानकारी दी गई। उनमें उपयोग होने वाले उपकरण डाप्लर मशीन, आक्सी मेट्री मशीन के बारे में अध्ययन कराया गया। जिनकी जानकारी एवं प्रयोगात्मक कार्य डॉ0 पुष्पा वर्मा, प्रसूति डाक्टर द्वारा कराया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव, गृह विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ0 स्नेहलता सिंह, प्राध्यापिका श्रीमती रंजना सिंह एवं सुश्री ज्योति रानी संस्थान की छात्राओं का प्रतिनिधित्व करते हुए उपस्थित रही।






# पेन्टिंग प्रदर्शनी

भवदीय ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स सीवार, सोहावल, अयोध्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रदर्शनी एवं नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ ज्ञानदायिनी माँ सरस्वती के चित्र पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा भवदीय ग्रुप के प्रबन्धतन्त्र के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। डी0एल0एड्0 संकाय की प्रशिक्षुओं ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री अभिनव तिवारी (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद) ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम में शरीक होना सौभाग्य की बात है, उन्होंने कहा कि सिर्फ 08 मार्च को महिला दिवस नहीं मनाना चाहिए अपितु अपने जीवन के प्रत्येक दिन को महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति समर्पित करना चाहिए। उन्होंने गार्गी, मैत्रीय, सावित्री जैसी महिलाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन विदुषियों ने अपने कार्यों से हम सभी का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि साधना गिरि (न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय फैजाबाद) ने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मातृशक्ति ही सर्वोच्च है। हमें जरूरत है बस आगे बढ़ने की। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमेशा से परिवार को आगे बढ़ाने में सहायक रही हैं। इसलिए उनको अपने कर्त्तव्यों का पालन करना चाहिए।

कार्यक्रम में भवदीय ग्रुप के प्रबन्ध निदेशक मिश्रीलाल वर्मा ने अपने विचारों को रखते हुए कहा कि महिलाएँ ही समाज की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं इसलिए उनका सम्मान हमें सदैव करना चाहिए। कार्यक्रम को भवदीय ग्रुप के चेयरमैन इं0 पी0एन0 वर्मा और भवदीय एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया।



अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कला प्रवक्ता डॉ0 पंकज यादव के संयोजन में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अतिथिगणों ने कहा कि छात्र–छात्राओं की भूरि–भूरि प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व में निखार आता है।

कार्यक्रम में महिला दिवस के अवसर पर भवदीय ग्रुप में कार्यरत महिला प्राध्यापकों और कर्मचारियों सुनीता वर्मा, ज्योति वर्मा, ज्योति वैश्य, अंशिका कश्यप, अनुपम पाण्डेय, प्रियंका पाण्डेय, ज्योति रानी, ममता सिंह, पूजा कुमारी, रंजना सिंह, कीर्ति मिश्रा, पुष्पा वर्मा, मंजू वर्मा, उर्मिला, राज कुमारी निषाद, राज कुमारी गुप्ता, मीरा देवी, सुशीला को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने सम्मानित किया।

इसके पूर्व भवदीय ग्रुप के सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया तथा स्वागत भाषण देते हुए उन्होंने कहा आज महिला दिवस के अवसर भवदीय ग्रुप में विभिन्न आयोजनों को देखकर गर्व हो रहा है, हमें महिलाओं के प्रति हमेशा सदैव सकारात्मक व्यवहार करना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट अशोक कुमार द्विवेदी एवं मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल ने तथा धन्यवाद ज्ञापन भवदीय इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिक्ल साइंसेज एण्ड रिसर्च के निदेशक डॉ0 संजय कुशवाहा ने दिया। कार्यक्रम में प्रशासनिक प्रबन्धक अतुल श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी कै0 आर0 एन0 वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 दयाशंकर वर्मा, सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, शिवप्रसाद वर्मा, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, प्रेम प्रसाद कुशवाहा सहित भवदीय ग्रुप के समस्त संस्थानों की छात्राएं मौजूद रहीं।



# प्रत्यक्ष संवाद कार्यक्रम

भवदीय एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट, सीवार, सोहावल, अयोध्या में मार्गदर्शन (छात्रों के साथ प्रत्यक्ष संवाद) कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य रवि शंकर सिंह (माननीय कुलपति, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या) थे। कार्यक्रम का प्रारम्भ वीणा–वादिनी माँ सरस्वती के चित्र पर कुलपति आचार्य रवि शंकर सिंह ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। बी0सी0ए0 विभाग की छात्राएँ दिव्या दुबे, प्रज्ञा वर्मा, काजल वर्मा ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आचार्य रवि शंकर सिंह ने कहा कि सफलता की राह में फिसलन बहुत है, जरूरत है हमें अपने उद्देश्यों को लक्षित करते हुए आगे बढ़ने की। उन्होंने छात्र–छात्राओं का आवाहन करते हुए कहा कि व्यवहारिक होना नितान्त आवश्यक है, ज्ञानी होना महत्वपूर्ण नहीं है। बी0एस–सी0 (कृषि) पाठ्यक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि यह एक ऐसा विषय है, जिसमें प्रायोगात्मक कार्य हम अपने खेत–खलिहान, फार्म हाउस में कर सकते हैं।

संवाद कार्यक्रम में कुलपति महोदय से कुछ छात्र–छात्राओं के सीधे प्रश्नों का उत्तर दिया विवरण निम्नवत् है–

1. प्रश्न– कोविड–19 के कारण ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली से शिक्षण प्रणाली प्रभावित हुयी है।– आशुतोष (बी0एस–सी0 कृषि)
   उत्तर– ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली ऑफलाइन शिक्षण प्रणाली का विकल्प नहीं हो सकती है, लेकिन लॉकडाउन के कारण सामान्य गतिविधियां बन्द थीं। अतः उक्त समय में यही प्रणाली शिक्षा व्यवस्था को संचालित किये हुये थी।
2. प्रश्न– बी0एस–सी0 (कृषि) एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में इन्टर्नशिप की सुविधा नहीं है।– आशुतोष (बी0सी0ए0)
   उत्तर– प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में ऐसी व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए। विश्वविद्यालय के कुलपति के तौर पर मैं इस मुद्दे पर जरूर ध्यान दूँगा।
3. प्रश्न– अवध विश्वविद्यालय में बी0कॉम ऑनर्स पाठ्यक्रम में पढ़ने की सुविधा नहीं है।– जयप्रकाश सिंह (बी0कॉम0)
   उत्तर– शिक्षण सत्र 2021–22 से विश्वविद्यालय में 25 नये कोर्स संचालित होने जा रहें हैं, उसी में उक्त कोर्स भी सम्मिलित है।
4. प्रश्न– विश्वविद्यालय में लगने वाले रोजगार मेले एवं प्लेसमेन्ट कार्यक्रमों में महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को भी प्रतिभाग करने का अवसर मिलना चाहिए।– रिंकी तिवारी (बी0सी0ए)
   उत्तर– विषय में विशेषज्ञता महत्वपूर्ण है। पाठ्यक्रम कोई अच्छा–बुरा नहीं होता। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रोजगार मेले एवं प्लेसमेन्ट कार्यक्रमों में सभी को प्रतिभाग करने का अवसर दिया जाता है।

5. प्रश्न— बी0लिब0, बी0पी0ई0एस0 एवं बी0एस—सी0 (गृहविज्ञान) के छात्र—छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा का केन्द्र बहुत दूर कर दिया जाता है।— राधिका सिंह (बी0एस—सी0 गृहविज्ञान)
   उत्तर— विश्वविद्यालय प्रत्येक छात्र को सहूलियत प्रदान करने का प्रत्यन करता है। छात्र संख्या कम होने के कारण हो सकता है ऐसा हो गया हो।
6. प्रश्न— बी0सी0ए0 का पाठ्यक्रम पुराना है, इस पर विचार करने की जरूरत है।— प्रतिक्षा तिवारी (बी0सी0ए0)
   उत्तर— पाठ्यक्रम निर्माण समिति समय—समय पर आवश्यकता अनुसार पाठ्यक्रम में परिवर्तन करती रहती है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भवदीय एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आप एक कुशल प्रशासक के साथ—साथ आदर्श शिक्षक भी हैं। इस छात्र संवाद कार्यक्रम से छात्रों का सर्वांगीण विकास सम्भव हो पायेगा।

इसके पूर्व भवदीय ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा ने माननीय कुलपति जी को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र तथा स्मृतिचिन्ह देकर उनका स्वागत किया और स्वागत भाषण देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र—छात्राओं में उत्साह का संचार होता है।

भवदीय इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मोस्यूटिक्ल साइंसेज एण्ड रिसर्च के डायरेक्टर डॉ0 संजय कुशवाहा ने अतिथि परिचय देते हुए माननीय कुलपति जी के शैक्षिक विवरणों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में भवदीय ग्रुप के प्रशासनिक प्रबन्धक अतुल श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी कै0 आर0 एन0 वर्मा, सुमित श्रीवास्तव, अरूण कुमार मौर्य, सुनीता वर्मा, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, विमलेश कुमार मौर्य, प्रियंका पाण्डेय, अंशिका कश्यप, परिसर प्रभारी फूलचन्द्र वर्मा, सहित छात्र—छात्राएँ मौजूद रहें।

कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल एवं धन्यवाद ज्ञापन भवदीय इन्स्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेण्ट के सहायक निदेशक डॉ. शिशिर पाण्डेय ने दिया।





भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126
An ISO 9001:2008 Certified Institute
















# होली उत्सव

रंग गुलाल उत्साह का प्रतीक होली भवदीय एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में बहुत ही धूमधाम से मनायी गयी। जैसा कि हम सभी जानते हैं ईश्वर भक्त प्रहलाद की याद में इस दिन होली जलाई जाती है। द्वेष और उत्पीड़न की प्रतीक होलिका (जलाने की लकड़ी) जलती है और दूसरे दिन हम हर्षोउल्लास के साथ होली मनाते हैं।

संस्थान में होली उत्सव कोविड–19 नियमों का पालन करते हुए मनायी गयी। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण मौजूद रहे।



An ISO 9001:2008 Certified Institute

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126

# नैक जागरूकता कार्यक्रम

भवदीय एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट, सीवार, सोहावल, अयोध्या में एक दिवसीय वर्कशॉप "नैक अवेयरनेस प्रोग्राम 2021" का आयोजन किया गया। वर्कशॉप के मुख्य अतिथि डॉ0 फारूख जमाल (विभागाध्यक्ष, बायोकेमिस्ट्री एवं क्वार्डिनेटर—नैक सेल और यूजीसी—सेल, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या) थे। कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मैनेजमेण्ट की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया।

वर्कशॉप को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ0 फारूख जमाल ने कहा कि नैक ग्रेड से आच्छादित होना प्रत्येक शिक्षण संस्थान के लिए गर्व का विषय है इससे न सिर्फ उस संस्थान की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि छात्र—छात्राओं के बीच विश्वसनियता भी अधिक हो जाती है। उन्होंने टीम पर फोक्स करते हुए कहा कि जितना अधिक हम संगठित होकर कार्यों को पूर्ण करेंगे, उतना ही अधिक अच्छा परिणाम प्राप्त होगा।

संस्थान की शैक्षिक एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान समय तकनीकि का हम तकनीकि से जितना अधिक कदमताल करते हुए आगे बढ़ेंगे चीजें उतनी सरल होती जायेगी। ई—लाइब्रेरी, डिजिटल क्लास रूम का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे साधन छात्रों को तीव्रता से सीखने में मदद करते हैं। शिक्षकों को नसीहत देते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्र—छात्राओं को सिर्फ पाठ्यक्रम का ज्ञान दे देने से उनका कार्य पूरा नहीं हो जाता है, अपने व्यक्तित्व के विकास एवं सवर्धन हेतु रिसर्च पेपर प्रकाशित करवाना एवं प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में कम से कम 01 आर्टिकल लिखना और नई शैक्षिक गतिविधियों तथा आईटी के उन्नत प्रयोग से हम अधिक से अधिक ज्ञान छात्र—छात्राओं को दे सकते हैं।

वर्कशॉप को सम्बोधित करते हुए नैक चेयरमैन एवं भवदीय एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नैक ग्रेड भारत सरकार द्वारा उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु एक प्रमाण पत्र है, जो उच्च शिक्षण संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों में शिक्षकों, इन्फ्रास्ट्रक्चर, परीक्षाफल, प्लेसमेण्ट सहित विभिन्न बिन्दुओं का मूल्यांकन कर प्रदान किया जाता है। इस ग्रेड को प्राप्त हो जाने से न सिर्फ संस्थान की छवि अच्छी होती है, अपितु उसमें पढ़ रहे छात्र—छात्राओं को उच्च कोटि की शिक्षा प्राप्त होती है।






भवदीय ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के सचिव डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि डॉ0 फारूख जमाल को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र तथा स्मृतिचिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया तथा स्वागत भाषण देते हुए कहा कि नैक ग्रेड प्राप्त करने की दिशा में यह एक दिवसीय वर्कशॉप आज पहला कदम है। अब हम सभी को ईमानदारी तथा सावधानीपूर्वक कार्यों को करते हुए पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य में लग जाना चाहिए। वर्कशॉप में भवदीय इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिक्ल साइंसेज एण्ड रिसर्च के निदेशक डॉ0 संजय कुशवाहा, भवदीय इन्स्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेण्ट के सहायक निदेशक डॉ0 शिशिर पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम का संचालन वर्कशॉप की आयोजन सचिव प्रियंका पाण्डेय एवं धन्यवाद ज्ञापन आईक्यूएसी कोआर्डिनेटर सुमित श्रीवास्तव ने किया। वर्कशॉप में आर0एस0 वर्मा (प्राचार्य, माँ बैष्णों देवी पी0जी0 कालेज), हरिशंकर शुक्ल (प्राचार्य, रूदौली एजूकेशनल डिग्री कालेज), त्रिलोचन सिंह, (प्राचार्य, मीना शाह इन्स्टीट्यूट), पशुपति नाथ सिंह, अजय टण्डन सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

इस दौरान भवदीय ग्रुप के प्रशासनिक प्रबन्धक अतुल श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक कृपा शंकर, मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल, रणविजय सिंह, डॉ0 सुजीत कुमार यादव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, श्री सुमित श्रीवास्तव, धन्नजय सिंह, डॉ0 पंकज यादव, शिवेन्द्र सिंह, ज्योति वर्मा, ज्योति वैश्य, सुनीता वर्मा, कृष्णा दुबे सहित भवदीय ग्रुप के विभिन्न संस्थानों के प्राध्यापकगण मौजूद रहे।






# टीका उत्सव कार्यक्रम

भवदीय एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट, सीवार, सोहावल, अयोध्या के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा माननीया कुलाधिपति एवं कुलपति आचार्य रवि शंकर सिंह के आवाहन के क्रम में टीका उत्सव (कोविड टीकारण जागरूकता अभियान) अभियान संचालित किया गया। प्राचार्य डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव व डॉ0 शिशिर पाण्डेय (निदेशक, प्रबन्धन विभाग) एवं प्रशासनिक प्रबन्धक अतुल श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को हरी झण्डी दिखाकर जागरूकता अभियान हेतु टोलियों को रवाना किया। टोलियों ने ग्राम सभा बेगमगंज के विभिन्न मजरों में जाकर 45 वर्ष की आयु के ऊपर के महिलाओं एवं पुरूषों को कोविड–19 का टीका लगवाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान स्वयं सेवकों ने उपस्थित ग्रामीणों विशेष कर अशिक्षितों, बुजुर्गों, असहायों, विकलांगों को मुख्य तौर पर टीका लगवाने का अनुरोध किया, साथ ही अपने आस–पास की साफ–सफाई, सेनिटाइजर और मास्क का उपयोग तथा सोशल डिस्टेंसिग का पालन करने की हिदायत दी और कहा कि सावधानी ही कोविड–19 का बचाव है। हम लोगों को आवश्यकता पड़ने पर ही बाहर निकलना चाहिए और कोविड–19 से बचाव हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करना चाहिए।

स्वयं सेवकों ने लगभग 39 व्यक्तिओं से मिलकर उनको वैक्सीन लगवाने हेतु जागरूक किया, जिसमें पांच लोगों ने पहले से वैक्सीन लगवा चुके हैं, शेष व्यक्तिओं ने जल्द ही वैक्सीन लगवाने का आश्वासन दिया।

इस दौरान कम्प्यूटर साइंस एवं बी0एस–सी0(कृषि) संकाय के प्राध्यापक सुमित श्रीवास्तव, अमित मिश्र, विमलेश मौर्य, सूर्यनाथ सिंह ज्योतिरानी, रंजना सिंह, स्वयं सेवक आदित्य सिंह, प्रशान्त श्रीवास्तव, सना खातुन, कामिनी वर्मा, प्रियंका यादव, संजना सिंह सहित कई टोलियों में स्वयं सेवक उपस्थित थे।

# वृक्षारोपण कार्यक्रम

वृहद पौधारोपण महाभियान के अन्तर्गत भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, सीवार सोहावल, अयोध्या के विभिन्न संस्थानों में रविवार को पौधारोपण किया गया। भवदीय एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में डॉ0 राजनीश कुमार श्रीवास्तव (प्राचार्य) एवं श्री अतुल श्रीवास्तव (प्रशासनिक प्रबन्धक) ने पीपल का पौधा लगाकर महाभियान की शुरूआत की। इसमें विभिन्न संस्थानों के प्रत्येक प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने पौधे लगाये जिसमें पीपल, बरगद, नीम, चन्दन सहित सैकड़ो फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाये गये।

इस अवसर पर डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव (प्राचार्य) ने कहॉ कि शासन के मंशानुरूप अधिक से अधिक पौधे लगाकर अभियान को सफल बनया है। उन्होने पौधों के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहॉ कि ऑक्सीजन देने के साथ ये पर्यावरण से अन्य हानिकारक गैसों को अवशोषित भी करते हैं, इसलिए अपनी निजी जिम्मेदारी समझते हुए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएँ। प्रकृति प्रेम को धर्म मानते हए कार्य करने की सलाह देते हुए उन्होने पौधे लगाने के साथ ही उनकी नियमित देखभाल भी करें।

कार्यक्रम में भवदीय इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्टियुकल सांइसेज एवं रिसर्चके निदेशक डॉ0 संजय कुमार कुशवाहा, भवदीय इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेन्ट के निदेशक डॉ0 शिशिर पाण्डेय, मीडिया प्रभारी अवनीश शुक्ल, बी0सी0ए0 विभागाध्यक्ष इ0 सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, श्री शिव प्रसाद वर्मा, परिसर प्रभारी फूलचन्द्र वर्मा सहित प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

भवदीय एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
BHAVDIYA EDUCATIONAL INSTITUTE
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
(Approved by NCTE-New Delhi & SCERT Lucknow)
An ISO 9001:2008 Certified Institute
Cell: +91-9415048320 ; +91-7703005326, E-mail: bhavdiya@gmail.com ; Website: www.bgi.ac.in
NH-28, Near Lohia Bridge, Vill. Sewar (Barai Kala), Tehsil : Sohawal, Ayodhya - 224 126

# योग दिवस

भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स सीवार, सोहावल फैजाबाद के सरदार पटेल छात्रावास में योग दिवस के अवसर प्रवक्ता श्री शैलैष मिश्रा के नेतृत्व में भवदीय ग्रुप के विभिन्न कालेजों के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं ने योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास किया। श्री मिश्र ने योगाभ्यास से परिचय कराते हुए लोगों को योग के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात ताड़ासन, पादहस्तासन, वृक्षासन, भुजंगासन, श्वासन, प्राणायाम कपालभाति सहित तमाम योगासनों को कराते हुए बताया कि योग हमारे दैनिक जीवन का एक आवश्यक अंग है।

इस अवसर पर कार्यक्रम से सम्बोधित करते हुए संस्थान के प्राचार्य, डॉ0 रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे देश में हजारो वर्षों से ऋृषि मुनि, योग की विभिन्न क्रियाओं के द्वारा गंभीर बीमारियों को भी दूर करके लोंगों को स्वास्थ्य लाभ देते रहे हैं। अतः हमें योग का महत्व समझना चाहिए और उसे दैनिक जीवन में स्थान देना चाहिए।

इस दौरान संस्थान के प्रशासनिक मैंनेजर, अतुल श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी कै0 राम नायक वर्मा, डॉ0 करूणेश तिवारी, डॉ0 संजय कुशवाहा, डॉ0 शिशिर पाण्डेय, डॉ0 दयाशंकर वर्मा, सुमित श्रीवास्तव, डॉ0 स्नेहलता सिंह, अवनीश शुक्ल, सुनीता वर्मा, सुप्रिया सिंह, सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र–छात्राऐं मौजूद रहें।



***Report Prepared by Event Co-ordinator Dr. Sneh Lata Singh***